# कोरोना से निपटने को लेकर जेएनएसी प्रशासन हुआ रेस

- क्षेत्र में तैनात की गईं 10 सर्विलांस टीमें
- प्रखंड में 50-50 बेड के आइसोलेशन सेंटर व आवश्यक सुविधाएं

## जेएनएसी क्षेत्र में लगायी गयीं 10 सर्विलांस टीमें

### शहर और प्रखंडों में भी बनायी गयीं टीमें

…रीय संवाददाता, जमशेदपुर

…ायुक्त सूरज कुमार ने कोरोना की …थाम एवं त्वरित गति से जांच के … प्रखंड एवं शहर में सर्विलांस टीम …गठन किया है. बहरागोड़ा में पांच, …म में एक, चाकुलिया में चार, …भूमगढ़ में दो, डुमरिया में दो, …ाला में दो, जमशेदपुर में पांच, …दा में दो, जेएनएसी में 10, …ुगसलाई नगर परिषद में सात, मानगो …गर निगम में चार, पटमदा में दो व …ोटका में तीन टीमें बनायी गयी है और …दाधिकारी एवं कर्मियों की प्रतिनियुक्ति …ी गयी है. सर्विलांस टीम को निर्देश …देया गया है कि संबंधित कर्मी …अविलंब योगदान देना सुनिश्चित करें. पूर्व से प्रतिनियुक्त कर्मी पूर्व की भांति कार्य करते रहेंगे. दल के सदस्य को अपने निर्धारित दायित्व के साथ-साथ इंसीडेंट कमांडर से नियमित रूप से समन्वय स्थापित कर सभी होटल, रेस्टोरेंट, मॉल, बैंक, सब्जी मंडी, दुकान, हाट व बाजार पर सोशल डिस्टैंसिंग और मास्क के अनुपालन कराने का निर्देश दिया गया है. सभी इंसीडेंट कमांडर को सर्विलांस दल के साथ व्यक्तिगत रूप से संपर्क में रहने तथा घर की सीलिंग, कंटेनमेंट एवं सर्वे सह सर्विलांस दल के सहयोग से कॉन्टेक्ट ट्रेसिंग कर सभी संपर्क में आये व्यक्तियों की कोविड जांच कराने और आवश्यकता अनुसार अस्पताल में भर्ती कराने का निर्देश दिया गया है.

## जेएनएसी में बाहरी के प्रवेश पर लगी रोक

**जमशेदपुर.** कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामले को देखते हुए जमशेदपुर अक्षेस कार्यालय परिसर में बाहरी लोगों के प्रवेश पर रोक लगी दी गयी है. वहीं, लोगों की सुविधा के लिए तीन नंबर गेट की तरफ से काउंटर खोला गया है. जहां लोग आवेदन जमा कर सकते हैं.




**कोरोना से निपटने की तैयारी :** जिले के हर प्रखंड में 50-50 बेड का आइसोलेशन सेंटर कल तक होगा दुरुस्त, जरूरी सुविधाएं होंगी

## जिले में बनेंगे 16 आइसोलेशन सेंटर बिना लक्षण वाले मरीज रखे जाएंगे



प्रोफेशनल कॉलेज फॉर महिला के छात्रावास का निरीक्षण करते डीसी एवं अन्य अधिकारी।

नगरीय प्रशासन निदेशालय, नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखंड सरकार

Toll free no.: 1800-120-2929 | Website : www.dmajharkhand.in | Follow us on : @JharkhandDMA